प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 मंगलवार दिनांक 19.05.2026

मुख्य समाचारः—

- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले पांच सालों में बस्तर संभाग के लोगों तक सभी शासकीय सुविधाएं पहुंचाकर उनकी औसत आमदनी में छह गुना की वृद्धि की जाएगी।

- पेट्रोल की कीमत में नब्बे पैसे और डीजल के मूल्य में छियानवे पैसे प्रतिलीटर की हुई बढ़ोतरी।

- रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित प्रदेश के मैदानी इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना।

केंद्रीय गृहमंत्री—पत्रकारवार्ता—01

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले पांच सालों में छत्तीसगढ़ का बस्तर संभाग देश का सबसे विकसित आदिवासी संभाग बन जाएगा। आज बस्तर के संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में मीडिया से चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष दो हजार इकतीस तक बस्तर के लोगों की औसत आमदनी छह गुना तक बढ़ जाए।

श्री शाह ने कहा कि बस्तर को नक्सलमुक्त बनाने के बाद केन्द्र और राज्य सरकार ने मिलकर अगले पांच सालों के लिए इसके विकास से संबंधित एक वैज्ञानिक रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत बस्तर संभाग में स्थापित सुरक्षा बलों के करीब दो सौ शिविरों में से सत्तर कैम्पों को शहीद वीर गुण्डाधूर सेवा डेरा में बदला जाएगा। इस सेवा डेरा के माध्यम से स्थानीय लोगों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा,

जिसमें बैंकिंग, कौशल प्रशिक्षण, स्कूल, आंगनबाड़ी और वनोपज प्रसंस्करण शामिल हैं। इसके साथ ही बस्तर के हर आदिवासी परिवार को एक–एक गाय–भैंस दी जाएगी और अगले छह माह के दौरान यहां सहकारी डेयरी का एक बड़ा नेटवर्क तैयार किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड–एनडीडीबी के साथ अनुबंध कर लिया है।

केंद्रीय गृहमंत्री–पत्रकारवार्ता–02

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा बस्तर के लोगों को सुरक्षा देने के साथ–साथ उनके समग्र विकास के प्रयास भी किए जाएंगे। यहां के युवा और महिलाओं का सशक्तिकरण किया जाएगा। साथ ही जनजातीय संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन होगा। श्री शाह ने कहा कि हिंसा किसी भी बात का समाधान नहीं है और हिंसा से किसी का विकास नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगले पांच सालों के दौरान केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर के लोगों तक सरकार की सारी सुविधाएं पहुंचाएंगे और यह दुनिया में विकास का एक लोकतांत्रिक मॉडल बनेगा।

इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री ने आज जगदलपुर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की छब्बीसवीं बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के साथ ही केंद्रीय गृह सचिव, इंटेलीजेंस ब्यूरो के निदेशक और इन चारों राज्यों के पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

पेट्रोल/डीजल–कीमत

तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में आज फिर से बढ़ोतरी की है। तेल कंपनियां के छत्तीसगढ़ के राज्य स्तरीय समन्वयक नितिन चौहान ने आकाषवाणी समाचार को बताया कि पेट्रोल की कीमत में

नब्बे पैसे और डीजल की कीमत में छियानवे पैसे प्रतिलीटर की बढ़ोतरी की गई है। इस तरह से रायपुर में अब पेट्रोल एक सौ चार रुपए छियालीस पैसे प्रतिलीटर और डीजल संतानवे रुपये इंक्यावन पैसे प्रतिलीटर की दर से मिलेगा।

इस बीच, राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और आम लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार के अनुसार प्रदेष में वर्तमान में तीन करोड़ अट्ठाईस लाख लीटर से अधिक पेट्रोल और सात करोड़ पचहत्तर लाख लीटर से ज्यादा डीजल उपलब्ध है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावष्यक भंडारण न करें।

<u>साइबर गिरोह–आरोपी गिरफ्तार</u>

कोंडागांव पुलिस ने अंतर्राज्यीय सायबर गिरोह का पर्दाफाश कर इसके सात सदस्यों को दिल्ली और गाजियाबाद गिरफ्तार किया है। फरसगांव के एसडीओ पुलिस अभिनव उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए

जिला पुलिस की अलग–अलग टीमें पिछले करीब तीन महीने से तलाश कर रही थीं। उन्होंने बताया कि ये आरोपी खुद को बीमा एजेंट बताकर लोगों से पैसा वसूल किया करते थे और अलग–अलग मोबाइल फोन से फर्जी मैसेज भेजकर उनके साथ ठगी किया करते थे।

<u>ऑनलाइन सट्टा–आरोपी गिरफ्तार</u>

दुर्ग पुलिस ने आईपीएल मैचों के दौरान ऑनलाइन सट्टा ऐप संचालित करने वाले गिरोह का पर्दाफाष करते हुए तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ऑनलाइन सट्टा कारोबार का मुख्य

संचालक 'सेट स्पोर्ट बुक' और 'लोटस ऐप' के जरिए म्यूल अकाउंट का उपयोग कर करोड़ों रुपये का लेनदेन कर रहा था। पुलिस को आरोपियों के पास मिले म्यूल खातों से करीब पांच करोड़ रुपये के ट्रांजेक्षन की जानकारी मिली है।

राज्यपाल–गुमनाम नायक सम्मान

राज्यपाल रमेन डेका ने कल लोकभवन में विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस समारोह के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुमनाम नायकों को सम्मानित किया। इनमें शुभांगी आप्टे, संजय आप्टे, सुजॉय मंडल, रूचि साहू, तुमन साहू, कुसुमलता बिपरे और पुलिस अधिकारी सूरज सिंह परिहार शामिल हैं।

चोर गिरोह–गिरफ्तार

दुर्ग–भिलाई के नेहरू नगर इलाके में हुई एक चोरी के मामले की जांच करते हुए पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में मेरठ से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस गिरोह ने दुर्ग, भिलाई, नवा रायपुर, बिलासपुर और जबलपुर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। ये आरोपी दिन के समय फेरीवाले बनकर कपड़ा और कंबल बेचने के बहाने रेकी करते थे।

गांजा–बरामद

बिलासपुर जिले में पुलिस और ए.सी.सी.यू. की टीम ने सरकंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नब्बे किलो गांजा के साथ आठ महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये महिलाएं इलेक्ट्रिक ऑटो से गांजे की तस्करी कर रही थीं। सभी महिलाएं मटियारी गांव की रहने वाली है और ओडिषा से गांजा लाकर आसपास के इलाकों में खपाने की तैयारी में थीं। पुलिस ने गांजे के साथ दो इलेक्ट्रिक ऑटो भी जब्त किए हैं, जिनकी कीमत छियालीस लाख पचहत्तर हजार रुपए आंकी गई है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के रायपुर, बालोद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, जांजगीर–चांपा, रायगढ और बिलासपुर सहित कुछ जिलों में तेज हवा चलने और हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

वहीं, बस्तर संभाग के जिलों में हल्की वर्षा और मेघगर्जन के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

इस बीच, आज शाम दुर्ग जिले में मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कई इलाकों से आकाशीय बिजली गिरने की भी खबर मिली है। आंधी के कारण अनेक स्थानों पर पेड़ गिरे हैं, जिससे बिजली और यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है।

संक्षिप्त समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए लावारिस कुत्तों को टीकाकरण या नसबंदी के बाद वापस न छोड़ने के अपने पूर्व निर्देशों को वापस लेने से इनकार कर दिया है।
- राजधानी रायपुर स्थित लोकभवन में कल हिमाचल प्रदेश, गुजरात, सिक्किम और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस का कार्यक्रम पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम ने उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष ग्यारहवीं की द्वितीय मुख्य परीक्षा की समय–सारिणी जारी कर दी है। यह परीक्षा एक जून से नौ जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन सुबह नौ बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक होगी।

- मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेष के लिए अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के विद्यार्थी बीस जून तक आवेदन कर सकते हैं। चयन परीक्षा छब्बीस जुलाई को दोपहर बारह से दो बजे तक आयोजित की जाएगी।

- जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्षन केन्द्र राजनांदगांव द्वारा कल बीस मई को सुबह दस बजे से अंबागढ़ चौकी तहसील कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

- कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में आज सुबह रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक सेवानिवृत्त षिक्षक की मौत हो गई।

- जांजगीर जिले के खटोला गांव में कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

- कोरबा जिले के बालको थाना क्षेत्र में बीती शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, सात से अधिक लोग घायल हो गए।

<><><><><><>